# बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

**मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के पत्रांकः BSEIDC/TECH/266/2015-740 दिनांकः–30.01.2019 के आलोक में निगम के अंतर्गत निर्माणाधीन विश्व बैंक संपोषित परियोजनाओं की दिनांकः–01.02.2019 को आहूत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– उपस्थिति पंजी के अनुसार।

बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा आशा व्यक्त की गई कि विश्व बैंक के अंतर्गत निर्माणाधीन योजनाऍ अच्छी प्रगति में है।

बैठक में समीक्षा के क्रम में मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा सामान्यतः द्वितीय चरण के स्वीकृत कार्यो में प्राथमिकता के आधार पर निम्नांकित कार्यो को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया, जिससे कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण हो सकेः–

(1) गेट (Gate) का निर्माण,
(2) नाले (Drain) का निर्माण,
(3) सड़क आदि का कार्य।
(4) चहारदीवारी का निर्माण एवं प्रींसिपल आवास आदि कार्य साथ–साथ किया जाय।

मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा प्रगति प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर नहीं रहने पर स्पष्ट रूप से सभी कार्यपालक अभियंतओं को निदेश दिया गया कि मुख्यालय स्तर पर हस्ताक्षरित आवेदन ही भेजा जाए।

विश्व बैंक द्वारा संपोषित एवं निगम द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य परामर्शी (तकनीकी) द्वारा बैठक में यह जानकारी दी गई कि निर्माण कार्यो को निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करने पर Commitment Charge देना पड़ता है एवं इसके लिए जिम्मेवारी तय किया जायेगा।

बैठक में मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा स्पष्ट किया गया कि भूमि विवाद के कारण ही समय वृद्धि मान्य होगा। किसी भी अन्य कारण जो पूर्व से प्रतिवेदित नहीं रहेंगे के संबंध में कोई भी समय वृद्धि का दावा मान्य नहीं होगा।

मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि **स्वीकृत नक्शे के अतिरिक्त कोई भी कार्य में परिवर्तन करने पर राशि के अधिक होने पर भुगतान की सारी जबाबदेही स्वतः संबंधित अभियंता की होगी।**

समीक्षा के क्रम में मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा सुझाव दिया गया कि गेट का कार्य कराते समय गेट को जाम करने हेतु प्रावधान ढलाई के समय ही कर लिया जाए, जिससे गेट लगाने के समय सुविधा हो एवं इसे जाम करने में दिक्कत न हो।

**विश्व बैंक के अंतर्गत संचालित द्वितीय चरण की योजनाओं की समीक्षा की गई प्रमंडलवार प्रतिवेदन निम्न हैः–**

## पूर्णियाँ प्रमंडल

कटिहार के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य में चहारदीवारी का कार्य विवाद के कारण बंद की जानकारी कार्यपालक अभियंता के द्वारा दी गई।

डायट पूर्णियाँ में भी प्राचार्य के भवन निर्माण का कार्य प्रगति में है,शेष कार्य प्रारंभ नहीं है।

समीक्षा के क्रम में मुख्य परामर्शी (तकनीकी) के द्वारा सुझाव दिया गया कि विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में जहॉ कार्य संभव हो एक साथ कराया जाए।

डायट श्रीनगर में निर्माण कार्य बंद है। मुख्य परामर्शी द्वारा कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्माण कार्य को दिनांक–15.02.2019 तक पूर्ण कराया जाए।

बैठक में मुख्य परामर्शी (तकनीकी) द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसी भी परिस्थिति में, निर्धारित Mile Stone के अनुसार नहीं करने पर नियमानुसार ही संवेदक के भुगतान का प्रस्ताव कार्यपालक अभियंता के द्वारा दिया जाएगा।

सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि बिना स्पष्ट कारण के किसी भी प्रकार से अवधि विस्तार का अनुशंसा नहीं किया जाएगा।

वैसे निर्माण स्थल जिनके Renovation का प्राक्कलन नहीं है, सात दिनों के भीतर प्राक्कलन तैयार कर कार्यपालक अभियंता, मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

कुल आवंटित 19 अद्द BRC भवन में 14 का कार्य पूर्ण किया गया है एवं 05 BRC भवन का कार्य प्रगति पर है।

## भागलपुर प्रमंडल

**DIET बाँका**:—प्रथम चरण के सभी कार्य पूर्ण है। द्वितीय चरण के अंतर्गत चहारदीवारी का कार्य प्रारंभ है। मुख्य परामर्शी के द्वारा निदेशित किया गया कि तय किए गए **Mile Stone** के अनुसार कार्य करने हेतु संवेदक को निदेशित करेगें।

**PTEC नगरपाडा**:— आंतरिक सभी कार्यो को प्रारंभ कराने हेतु निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। विवादित स्थल होने पर शेष स्वीकृत कार्य बंद कर दिया गया है,जो कि कार्य हित में नहीं है। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र जो कार्य निर्विवाद है को यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाय।

**PTEC फुलवरिया**:—कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ नहीं है। संवेदक को कार्य प्रारंभ कराने हेतु सख्त निदेश दिया जाए का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

कुल आवंटित 07 अद्द BRC भवन में 06 अद्द BRC भवन का कार्य पूर्ण किया गया है एवं 01 अद्द BRC भवन का कार्य प्रगति पर है।

## कोशी प्रमंडल

कोसी प्रमंडल अंतर्गत प्रथम चरण में चार योजनाएँ स्वीकृत थी, जिसे पूर्ण कर लिया गया है। द्वितीय चरण की योजनाओं के अंतर्गत अररिया में स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए कार्यादेश दिनांकः—01.01.2018 को निर्गत है। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि संवेदक के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है।निदेश दिया गया कि संवेदक को तिथि निर्धारित कर निदेश दिया जाए।कार्य प्रारंभ नहीं करने की स्थिति में मुख्यालय को अग्रतर कारवाई हेतु प्रतिवेदित किया जाए। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कटिहार में स्वीकृत कार्य में प्राचार्य निवास का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि द्वितीय चरण में कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं है एवं प्रथम के अंतर्गत चरण के अंतर्गत एक PTEC का कार्य पूर्ण है एवं एक CTE का कार्य प्रगति में है। 14 प्रखंड संसाधन केंन्द्रों में से 07 का कार्य पूर्ण हो चुका है। 03 फिनिसिंग में है एवं 04 का कार्य द्वितीय तल पर प्रगति में है। सभी कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु संवेदक को निदेशित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। **DIET** पिपरा का कार्य फिनिसिंग में है एवं बहुत ही प्रगति धीमा है।निदेश दिया गया कि कार्य को पूर्ण करने हेतु समय निर्धारित करते हुए संवेदक से पत्राचार किया जाए। प्रखंड संसाधन केन्द्रों के निर्माण में संतोषजनक प्रगति नहीं रहने पर मुख्य परामर्शी के द्वारा खेद प्रकट किया गया।

## मुंगेर प्रमंडल

मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत कुल डायट की संख्या 06 है,जिसमें से 05 पूर्ण कर लिए गए है। डायट शाहपुर का कार्य पूर्ण नहीं है। मुख्य परामर्शी द्वारा बताया गया कि कार्यपालक अभियंता के द्वारा कार्य को पूर्ण एक माह में पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया था। कार्यो की प्रगति पर मुख्य परामर्शी के द्वारा खेद प्रकट किया गया एवं निदेश दिया गया कि सभी कार्य दो माह में पूर्ण कराया जाए। कार्य पूर्ण नहीं होने पर कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

कुल आवंटित 19 अद्द BRC भवन में 08 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य पूर्ण है जिसमें 05 अद्द BRC भवन का कार्य फिनिशिंग स्तर पर है, 02 अद्द BRC भवन के दूसरे तल का कार्य प्रगति पर है एवं विभिन्न कारणों से 04 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

## तिरहूत (पश्चिमी) प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि CTE कुमारबाग का एकरारनामा संवेदक के द्वारा नहीं किया गया है। द्वितीय चरण के अंतर्गत कोई भी कार्य चहारदीवारी के अतिरिक्त प्रारंभ नहीं है।

कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंड संसाधन केंन्द्रों को माह–मार्च 2019 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

कुल आवंटित 17 अद्द BRC भवन में 10 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य पूर्ण है, 04 अद्द BRC भवन का कार्य फिनिशिंग स्तर पर है, 02 अद्द BRC भवन का दूसरे तल का कार्य प्रगति पर है। भूमि के अभाव में 01 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

## तिरहूत (पूर्वी) प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि PTEC पताही का निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा नहीं किया गया है। संवेदक को स्पष्टीकरण पूछने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

द्वितीय चरण के कार्य में उपस्कर की आपूर्ति मात्र हुई है। द्वितीय चरण के अंतर्गत कोई भी निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ कराने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया। प्रखंड संसाधन केंन्द्रों के निर्माण कार्य में वैसे स्थल जो फिनिसिंग की स्थिति में है को माह–फरवरी 2019 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। PTEC पताही का कार्य प्रारंभ करने हेतु मुख्य परामर्शी के द्वारा स्थल भ्रमण के क्रम में संवेदक को दिया गया था। कार्य प्रारंभ नहीं करने की जानकारी कार्यपालक अभियंता के द्वारा प्रतिवेदित नहीं करने पर कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया।

कुल आवंटित 18 अद्द BRC भवनों में 08 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य पूर्ण है एवं 10 अद्द BRC भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## दरभंगा प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि रामपुर जलालपुर के अंतर्गत कार्य प्रगति में है। डायट नरार का कार्य आंशिक रूप से प्रारंभ है।फर्निचर की आपूर्ति कर ली गई है। द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यो को प्रारंभ कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।प्रखंड संसाधन केंन्द्रों के निर्माण में कुल लक्ष्य 23 है जिसमें 10 पूर्ण कर लिए गए है तथा 02 फिनिसिंग में है। प्रखंड संसाधन केन्द्र,कीरतपुर का एकरारनामा संवेदक के द्वारा नहीं करने पर संवेदक को एकरारनामा हेतु आवश्यक निदेश देने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया।

## सारण प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि डायट थावे का कार्य फिनिसिंग में है। कार्य पूर्ण करने हेतु तय किए गए Mile Stone के अनुपालन हेतु निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

वैसे निर्माण कार्य जो संवेदक की लापरवाही से प्रगति में नहीं है, संवेदक को Rescind करने हेतु कारण पृच्छा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। द्वितीय चरण के कार्यो को भी अविलम्ब प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया।

बनियापुर के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए संवेदक के द्वारा एकरारनामा नहीं करने पर संवेदक को एकरारनामा करने हेतु निदेशित किया गया।

प्रमंडल के अंतर्गत सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों के निर्माण कार्य को माह–मार्च 2019 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

## मगध प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा PTEC, नवादा के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जहानाबाद एवं अरवल का निर्माण कार्य प्रगति में है। PTEC, गया के संवेदक बुद्धा कंस्ट्रक्शन को निर्धारित Mile Stone के अनुसार कार्य नहीं करने पर कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने हेतु आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। CTE, गया का भी कार्य की प्रगति संतोषप्रद नहीं होने पर संवदेक रामाकांत सिंह को आवश्यक पत्राचार करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। PTEC शाहपुर, औरंगाबाद के संवेदक को भी आवश्यक निदेश देने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया। प्रखंड संसाधन केन्द्र के कुल लक्ष्य 20 के आलोक में 11 कार्य पूर्ण कर लिए गए है। 04 कार्य फिनिसिंग में है, जिसमें से अद्द–03, माह–फरवरी 2019 तक एवं अद्द एक माह–मार्च 2019 तक पूर्ण करने का आश्वासन कार्यपालक अभियंता के द्वारा दिया गया। प्रखंड संसाधन केंन्द्र कोंच के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। PTEC नवादा के अंतर्गत द्वितीय चरण में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।उपस्कर की भी आपूर्ति की जा चुकी हैं।

## पटना (पश्चिमी) प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि प्रखंड संसाधन केन्द्र के निर्माण हेतु कुल लक्ष्य 11 में से 05 पूर्ण कर लिए गए है। 06 कार्य फिनिसिंग में है।जिसमें से 03 कार्य माह–फरवरी 2018 एवं 03 कार्य माह–मार्च 2018 तक पूर्ण करा दिया जाएगा।

## पटना(पूर्वी) प्रमंडल

कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि प्रखंड संसाधन केन्द्र के निर्माण हेतु कुल लक्ष्य 16 में से 06 पूर्ण कर लिए गए है। 06 कार्य फिनिसिंग में है।प्रखंड संसाधन केन्द्र,सिलाव के निर्माण कार्य बंद रहने के कारण संवेदक को आवश्यक पत्राचार कर कारवाई हेतु अनुशंसा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। शेष कार्य को फरवरी 2019 तक पूर्ण कराने का आश्वासन कार्यपालक अभियंता के द्वारा दिया गया।PTEC महेन्द्रू का भवन का कार्य पूर्ण है।प्राचार्य आवास के निर्माण कार्य नहीं करने पर संबेदक पर आवश्यक कारवाई करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। PTEC बिहियाँ का भवन का कार्य 15 फरवरी 2019 तक पूर्ण करने का आश्वासन कार्यपालक अभियंता के द्वारा दिया गया। PTEC बाढ़ एवं PTEC मसौढी में अवशेष कार्य 15 फरवरी तक पूर्ण कराने का आश्वासन कार्यपालक अभियंता के द्वारा दिया गया। CTE बाढ़ के भवन निर्माण हेतु भूमि कब उपलब्ध करायी गई के संबंध में प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वीकृत PTEC बिहियाँ, PTEC नूरसराय एवं PTEC मसौढी कार्य प्रगति में है।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(ह० / –)
**मुख्य परामर्शी(तकनीकी)**
BSEIDC Ltd.पटना।

ज्ञापांकः BSEIDC/TECH/266/2015- 1010 पटना, दिनांक– 08.02.2019

**प्रतिलिपिः**मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता (मु०) एवं क्षेत्रीय / वरीय लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। श्री पंकज कुमार सिंह, प्रोग्रामर (ICT) को कार्यवाही की प्रति निगम के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7-2-2019

**मुख्य परामर्शी (तकनीकी)**
BSEIDC Ltd., पटना।